## न्यूज डायरी



### सीमा विवाद के बीच चीन ने नियंत्रण रेखा पर तैनात किया नया कमांडर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चुनौती भरी सीमाओं पर तैनात जवानों का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी विशेष रूप से सेना के नए कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल शू किलिंग को सौंपी है। वह भारत चीन सीमा के लिए जिम्मेदार वेस्टर्न थियेटर कमान की अगुवाई करेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। जनरल शू की नियुक्ति की घोषणा भारत–चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी गतिरोध के बीच ही पांच जून को हुई थी। हांगकांग आधारित साउथ चाइना मोर्निंग पोस्ट की खबर के मुताबिक, जनरल शू को वेस्टर्न थियेटर कमान के बलों का जायजा लेने के लिए भेजा गया है, जहां भारत–चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर गतिरोध जारी है। पोस्ट ने सेना के सूत्रों के हवाले से कहा, श्जिस तरह भारत के साथ सीमा विवाद को लेकर तनाव बढ़ रहा है।

### ट्रंप ने दिखाई चीन की चोरी, ट्वीट किया हॉर्वर्ड यूनिवर्सिटी का रिसर्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर चीन पर फिर हमला बोला है। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध को ट्वीट किया जिसमें दावा किया गया है कि चीन में कोरोना वायरस का प्रकोप नवंबर नहीं, बल्कि अगस्त से फैलाना शुरू हो गया था। इस शोध में सैटेलाइट तस्वीरों का हवाला दिया गया है जिसमें चीन के अस्पतालों के बाहर भारी भीड़ दिखाई दे रही है। वही, शोधकर्ताओं ने चीन में इंटरनेट पर संक्रमण को लेकर किए जा रहे सर्फिंग को भी शामिल किया है। चीन ने रविवार को जारी श्वेतपत्र में कहा था कि वायरस सबसे पहले 17 दिसंबर को पाया गया और चीनी वायरॉलजिस्ट्स ने 19 जनवरी को यह पुष्टि की कि यह इंसानों से फैल सकता है। इसके बाद 23 जनवरी को लॉकडाउन लगाया गया। हालांकि, हार्वर्ड की स्टडी में दावा किया गया है कि सैटलाइट तस्वीरें से यह पता चलता है कि वुहान के पांच अस्पतालों में अगस्त से दिसंबर के बीच ट्रैफिक बढ़ा हुआ था।

### एक अफवाह ने पाकिस्तान सेना की नींद हराम की, कराची में किया गया ब्लैकआउट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान में एक अफवाह ने वहां की सेना और आम लोगों की नींद हराम कर दी। स्थिति ये तो तक हो गई कि पूरे कराची में ब्लैकआउट कर दिया गया था। दरअसल वहां सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ी कि कुछ अज्ञात लड़ाकू विमान कराची के ऊपर से उड़ान भरते देखे गए हैं। बस फिर क्या था पाकिस्तान के लड़ाकू विमान भी हवा में परवाज करते नजर आए और शहर की बिजली काट दी गई। पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर ऐसी अपुष्ट खबरें चल रही हैं कि कुछ अज्ञात लड़ाकू विमानों के कराची के ऊपर उड़ान भरने की खबर के बाद पूरे शहर में ब्लैकआउट कर दिया गया था। सोशल मीडिया पर हवा में परवाज करते कथित लड़ाकू विमानों के वीडियो पाकिस्तान में शेयर किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर कराची के स्थानीय लोगों के हवाले से कई ट्वीट किए गए हैं।

### जेयूडी प्रमुख हाफिज सईद के चार करीबी आतंकवाद वित्तपोषण के एक मामले में अभ्यारोपित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में मंगलवार को जमात उद दवा (जेयूडी) के चार शीर्ष नेताओं को अभ्यारोपित किया। ये आरोपी 2008 के मुम्बई आतंकवादी हमले के षडयंत्रकर्ता हाफिज सईद के करीबी हैं। अदालत ने हाफिज अब्दुल रहमान मक्की, मलिक जफर इकबाल, याहया अजीज और अब्दुल सलाम को आतंकवाद के वित्तपोषण को लेकर उनके विरुद्ध दर्ज मामलों में से एक में अभ्यारोपित किया। हालांकि चारों ने खुद को बेकसूर बताया और सुनवाई का सामना करने का फैसला किया। अदालत ने बुधवार तक के लिए सुनवाई स्थगित कर दी और अभियोजन पक्ष को संदिग्धों के विरुद्ध गवाह पेश करने का निर्देश दिया। इस हमले में 166 लोगों की जान चली गयी थी जिनमें छह अमेरिकी थे।

# नेपाल ने कोरोना के लिए भारत को बताया जिम्मेदार

## नेपाली पीएम बोले– भारत से नेपाल आए 85 फीसदी कोरोना वायरस के मामले

**आरोप**

■नेपाल में कोरोना वायरस के कुल 4085 मामले



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। भारत के साथ सीमा विवाद को लेकर उलझे नेपाल ने अब कोरोना वायरस को लेकर भी भारत पर ही लगातार निशाना साधना शुरू कर दिया है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओला ने बुधवार को फिर कहा है कि नेपाल में 85 फीसदी कोरोना वायरस के मामले भारत से आए हैं। इससे पहले भी ओली ने ऐसा कहा कि था नेपाल को इतना खतरा इटली और चीन से आने वाले कोरोना मामलों से नहीं है, जितना भारत से आने वाले लोगों से है। बता दें कि नेपाल में कोरोना वायरस के कुल मामलों की संख्या 4085 तक पहुंच गई है, जबकि 15 लोगों की मौत हुई है।

**बुधवार को ही संसद ने विवादित नक्शे को दी मंजूरी:** नेपाली संसद ने आज ही देश के नए नक्शे को मंजूरी दे दी जिसमें लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा समेत भारत के 395 किमी इलाके को नेपाल ने अपने क्षेत्र में दिखाया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्री शिवमाया थुम्भांगफे ने देश के नक्शे में बदलाव के लिए संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए इसे पेश किया था।

**राष्ट्रपति के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाएगाः** यह संविधान संशोधन विधेयक अब राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। उनके हस्ताक्षर करते ही नया नक्शा कानून की शक्ल ले लेगा। नेपाली संसद में मंगलवार देर शाम तक नक्शे को लेकर चर्चा हुई। वहीं, नेपाली विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने भारत से फिर बातचीत का अनुरोध किया है।

**पहले कहा था– बिना चेकिंग नेपाल आ रहे लोगः** कोरोना वायरस के हालात को लेकर देश को संबोधित करते नेपाल की पीएम केपी शर्मा ने पहले कहा था कि नेपाल में दक्षिण एशिया के दूसरे देशों की तुलना में मृत्युदर काफी कम है। उन्होंने आगे आरोप लगाया है कि भारत से अवैध तरीके से लोग नेपाल में दाखिल हो रहे हैं। ओली ने कहा कि बिना सही से चेकिंग के नेपाल में दाखिल होने की वजह से कोरोना और ज्यादा फैल रहा है।

### नेपाली संसद ने विवादित नक्शे को दी मंजूरी

काठमांडू। नेपाल की निचली संसद प्रतिनिधि सभा ने देश के नए और विवादित नक्शे को लेकर पेश किए गए संविधान संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया है। भारत के साथ सीमा गतिरोध के बीच इस नए नक्शे में लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल ने अपने क्षेत्र में दिखाया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्री शिवमाया थुम्भांगफे ने देश के नक्शे में बदलाव के लिए संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए इसे पेश किया था। यह संविधान संशोधन विधेयक अब राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। उनके हस्ताक्षर करते ही नया नक्शा कानून की शक्ल ले लेगा। वहीं, नेपाली विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने भारत से फिर बातचीत का अनुरोध किया है।

# ब्रिटेन को धमका रहे चीन पर बिफरा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। ब्रिटेन को अपनी परियोजनाओं के लिए धमका रहे चीन पर अमेरिका ने तगड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के धौंस जमाने के तरीकों के खिलाफ अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि बीजिंग की चाल को देखते हुए हमें सतर्क करने की जरुरत है। उन्होंने दुनिया के अन्य देशों को भी चीन के आर्थिक जाल में न फंसने की चेतावनी दी।

ब्रिटेन पर परियोजनाओं के लिए दबाव बना रहा चीन

अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा कि लंदन स्थित एचएसबीसी बैंक के जरिए वह ब्रिटेन पर अपनी परियोजनाओं के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है और उसकी चाल को देखते हुए सतर्क होने की आवश्यकता है।

**अन्य देशों से चीन के आर्थिक जाल में न फंसने को कहा**

पोम्पियो ने आरोप लगाया कि चीन ने ब्रिटेन के बैंक द हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन को कथित तौर पर दंडित करने की धमकी दी है। चीन ने कहा है कि अगर ब्रिटेन हुवेई को उसका 5जी नेटवर्क बनाने की अनुमति नहीं देगा तो वह भी ब्रिटेन में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण का अपना वादा तोड़ देगा।



**अफ्रीकी देश बुरुंडी के राष्ट्रपति का निधन, छोड़ने वाले थे सत्ता**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गिटेगा। अफ्रीकी देश बुरुंडी के राष्ट्रपति कुरुनजीजा का 65 साल की आयु में कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया है। बता दें कि तबीयत खराब होने के कारण शनिवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। शुरुआत में उनकी स्थिति में सुधार हुआ लेकिन सोमवार को आए कार्डियक अरेस्ट के कारण मंगलवार सुबह में उनकी मौत हो गई। बीते 15 साल से बुरुंडी के राष्ट्रपति कुरुनजीजा इस साल अगस्त में अपने पद से त्यागपत्र देने वाले थे। इसके बाद उन्हें सुप्रीम गाइड टू पेट्रिऑटिज्म का पद दिया जाने वाला था। बता दें कि कुरुनजीजा की सरकार पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगता रहा है।

# यूएस एयरफोर्स के पहले अश्वेत चीफ बने जनरल चार्ल्स ब्राउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका में सीनेट ने जनरल चार्ल्स ब्राउन जूनियर की वायु सेना के चीफ ऑफ स्टाफ पद पर नियुक्ति की मंगलवार को सर्वसम्मति से पुष्टि कर दी। इसी के साथ वह देश की सैन्य सेवाओं में से एक का नेतृत्व करने वाले पहले अश्वेत अधिकारी बन गए हैं। उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने सीनेट में मतदान की अध्यक्षता की।

**98 सदस्यों ने पक्ष में की वोटिंग** ब्राउन के नाम पर शून्य के मुकाबले 98 मतों से पुष्टि की गई। पेंस ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताया। यह मतदान ऐसे समय में हुआ है जब ट्रंप प्रशासन मिनियापोलिस में पुलिस हिरासत में अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद उमड़े जन आक्रोश का सामना कर रहा है।



**यूएस-पैसिफिक एयरफोर्स के कमांडर रह चुके हैं ब्राउनः** ब्राउन हाल ही में यूएस–पैसिफिक एयरफोर्स के कमांडर रह चुके हैं। वह लड़ाकू पायलट हैं और उनके पास 2,900 घंटे से अधिक समय तक विमान उड़ाने का अनुभव है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें अपने जीवन में नस्लीय भेदभाव से निपटने और श्वेतों के वर्चस्व वाले समाज में अपने लिए जगह बनाने के संघर्ष के बारे में बताया।

**यूएस पैसिफिक एयरफोर्स के रह चुके हैं कमांडर, 1984 में वायुसेना में शामिल हुए**

**1984 में वायु सेना में शामिल हुए थे ब्राउनः** उन्होंने कहा कि मैं वायु सेना में अपने करियर के बारे में सोच रहा हूं जहां अपने स्क्वाड्रन में मैं इकलौता अफ्रीकी अमेरिकी था या एक वरिष्ठ अधिकारी के तौर पर कमरे में अकेला अफ्रीकी अमेरिकी था। बता दें कि ब्राउन 1984 में वायु सेना में शामिल हुए।

### लॉकडाउन में नहीं मिला दाना, मस्जिद में 1 हजार से अधिक कबूतरों की भूख से मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। कोरोना वायरस से जूझ रहे अफगानिस्तान में भूख के कारण 1 हजार से अधिक कबूतर ने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार, ये कबूतर मजार–ए–शरीफ के प्रसिद्ध नीली मस्जिद में पाले गए थे। कोरोना वायरस लॉकडाउन के कारण यह मस्जिद लंबे समय से बंद थी। इस कारण इन कबूतरों को दाना नहीं मिल पाया और इनकी मौत हो गई। अब मस्जिद प्रशासन और सरकार एक दूसरे के ऊपर आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में कबूतरों की मौत के बाद प्रशासन भी सकते में आ गई। आनन–फानन में स्वास्थ्यकर्मियों की सहायता से कबूतरों के शवों को मस्जिद परिसर से हटाया गया। ये सफेद कबूतर मस्जिद परिसर में ही रहते थे और इनके दाना–पानी का प्रबंध भी मस्जिद प्रशासन ही करवाता था। कोरोना वायरस के संक्रमण से पहले यहां रोज हजारों की संख्या में लोग दर्शन के लिए आते थे। इस दौरान वे इन कबूतरों को दाना भी खिलाते थे, लेकिन लॉकडाउन के कारण लोगों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया गया था और मस्जिद प्रशासन ने भी दाना देने की व्यवस्था नहीं की।